>

Title: Need to construct a dam on Indo-Nepal border to check the overflow from existing barrage on Sharda river in Uttar Pradesh.

**श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान नेपाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। नेपाल से बहने वाली नदियों के मार्गों में नेपाल ने फेर बदल किया है जिसके परिणामस्वरूप सीमावर्ती सभी जनपदों में पिछले कई वर्षों से अप्रत्याशित बाढ़ आ रही है, जिससे जन-धन की भारी हानि हो रही है। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि नेपाल सरकार से सहयोग लेकर सीमा पर बांध बनाकर इस पानी को नियमित किया जाये।

महोदय, नेपाल से भारी मात्रा में पानी आने से शारदा नदी पर बने बैराज को भारी खतरा हो गया है। शारदा नदी में लगभग 9 लाख क्यूसिक पानी की बढ़ोत्तरी हुई है जिसके परिणामस्वरूप शारदा नदी के दोनों तटों से भूमि कटाव हो रहा है। लगभग 20 हजार एकड़ उपजाऊ भूमि का कटाव हो चुका है और लगभग 8 लाख आबादी प्रभावित हुई है।

महोदय, मेरा सरकार से अनुरोध है कि शारदा नदी के दोनों तटों पर दीवार बनाई जाये ताकि बेहद उपजाऊ भूमि के कटाव को रोका जा सके।